## सांसद बंटी साहू ने वर-वधू पर बरसाएं फूल, विधायक सुनील उईके ने परोसा भोजन

# तामिया जनपद में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत हुआ 507 जोड़ों का विवाह





हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गरीबों तक शासन की योजना कैसे पहुंचे। इस योजना का लाभ पहुंचा कर किया जा रहा है। गरीब कल्याण के लिए निकली योजना में कन्यादान योजना महत्वपूर्ण है! पहले गरीबों को बेटी के विवाह की सम्मान के साथ विदाई करने की चिंता रहती थी। इस योजना से अब सम्मान के साथ गरीब अपनी बेटी का विवाह इस योजना का लाभ लेकर कर रहा है।

तामिया के साप्ताहिक बाजार मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 507 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। तामिया में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह हुए हैं। इस कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ने शिरकत की और उन्होंने सम्मेलन में विवाह कर रहे वर वधु को वैवाहिक जीवन पर शुभकामनाएं एवं सुखमय की जीवन की कामना की सांसद के हाथों प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। जिसमें प्रत्येक जोड़ो को 49000 के प्रतीकात्मक चेक दिए गए। जनपद पंचायत परिसर से गाजेबाजे के साथ बारात निकली बारात में सभी जनप्रतिनिधि अधिकारी शामिल थे और विवाह समारोह में पहुंचे मंच पर सम्मेलन में आए वरवधू को विधायक जुन्नारदेव सुनील उईके ने शुभकामनाएं दी। इस तरह भव्य समारोह के तहत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विवाह सम्मेलन हुआ सम्मेलन में आए सभी लोगों के लिए जनपद पंचायत में सुसहायता समूह के माध्यम से लगभग 15000 लोगों के लिए भोजन व्यवस्था की गई थी, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में एस डी एम जुन्नारदेव तहसीलदार तामिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तामिया सहित सरकारी अमला विवाह समारोह में शामिल रहा।

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण के प्रति किया जा रहा जागरूक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री संजीव भावरकर के कुशल मार्गदर्शन में (मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम) के छात्रों द्वारा अपने-अपने ग्रामों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उपस्थित जनों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई एवं दीवार लेखन कर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।

### पांढुर्णा के प्रत्येक ग्रामों में जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**छिन्दवाड़ा।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर पांढुर्णा जिले के प्रत्येक ग्रामों में दीवार लेखन कार्य किया जा रहा हैं। इस दौरान सभी उपस्थित जनों को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई जा रही है। सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं के द्वारा पांढुर्णा जिले के सभी विकासखण्डों में भ्रमण किया जाएगा।

### जनसुनवाई में 90 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 90 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।

## पुलिस कर रही मामले की जांच

# युवती ने लगाई फांसी 19 अप्रैल को थी शादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

विकासखंड के भूली ग्राम में आज तडके 5 बजे युवती 28 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा का विवाह आगामी 19 अप्रैल को ग्राम मरकावाडा के युवक से होना था। इस युवती ने अपने घर के पास स्थित कोठे में ही खुद को रस्सी से लटका लिया।

इसके अलावा ग्राम खेडीकला में 57 साल की विमला धुर्वे की लाश आज सुबह गांव के कुंए में पायी गई। इन दोनों मामलों में पुलिस विवेचना जारी है। विवेचना पूरी होने पर ही दोनों महिलाओं के आत्महत्या के कारण सामने आ पाएंगे।

## राष्ट्रीय मैदान में चमकेंगे छिन्दवाड़ा के सितारे

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा की धरती एक बार फिर गर्व से सिर ऊँचा कर रही है। जिले के होनहार खिलाड़ी आरूष नाग, ईशिका मौर्य और अंकिता सलामे ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन 68वीं राष्ट्रीय फुटबॉल अंडर-14 बालक/बालिका प्रतियोगिता हेतु प्री-नेशनल कोचिंग कैंप सतना में हुआ है, जो 18 से 22 अप्रैल तक आयोजित होगा। इसके बाद ये खिलाड़ी मध्यप्रदेश दल की ओर से 25 से 29 अप्रैल तक कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आरूष नाग सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय परासिया से, ईशिका मौर्य भी वहीं की छात्रा हैं, जबकि अंकिता सलामे एडवांस पब्लिक हाईस्कूल छिंदवाड़ा से हैं। तीनों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रशिक्षक रविन्द्र नाग और फिरोज खान को दिया है।

## नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दी गई दबिश



**छिन्दवाड़ा।** पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग एवं पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से विगत दिवस पांढुर्णा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये ग्राम कोंडर, रैयतवाड़ी के नदी, नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। जहां से दो चढ़ी हुई भट्टी, 6500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 35 लीटर महुआ निर्मित हाथ भट्टी, कच्ची शराब बरामद किया गया एवं जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार नागेश, बड़चिचोली चौकी प्रभारी श्री विक्रम बघेल, आबकारी आरक्षक सुश्री श्रध्दा राहंगडाले एवं श्री अमृत ख़वसे उपस्थित थे।

# अवैध परिवहन करने वाले चार ट्रेक्टर व एक डंपर वाहन जप्त

## राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं एसडीएम परासिया श्री पुष्पेन्द्र निगम के निर्देशानुसार तथा प्रभारी खनि अधिकारी श्री रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा के परासिया अनुभाग के अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज तहसील परासिया एवं उमरेठ के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान उमरेठ तहसील के अंतर्गत ग्राम मूंगा कुलबेहरा नदी से 04 ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा खनिज रेत का अवैध खनन करते हुए पाया गया, जिसमें ट्रैक्टर क्रमांक MP28AC4013, MP28AD6437, MP28ZG1419 एवं एक बिना नम्बर ट्रैक्टर मय ट्रॉली में अवैध रूप से खनिज रेत का खनन करते पाये जाने से संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वाहनों को खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया। साथ ही क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ग्राम मूंगा परासिया मार्ग में खनिज मिट्टी/मुरूम का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर क्रमांक MP22H3777 पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए वाहन को खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया।

इन पांचो वाहनों ट्रैक्टर ट्रॉली व डंपर को पुलिस थाना देहात परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया। वाहनों में खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत खनिज का अवैध खनन एवं परिवहन किए जाने से प्रकरण दर्ज किया जाकर जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिये निर्णयन कलेक्टर न्यायालय छिंदवाड़ा के समक्ष प्रकरण प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा सरकार में महिलाओं पर बढ़ता अपराध व अत्याचारः महिला कांग्रेस

**छिंदवाड़ा।** मासूम बेटियों, महिलाओं व युवतियों के साथ जिले व पूरे प्रदेश में हो रही दरिंदगी से आहत महिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार को मातृशक्ति की सुरक्षा हेतु जगाने व बढ़ते हुए अपराध पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में धरना देकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चत करने की मांग की। जिला महिला कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा जिला एवं सम्पूर्ण मप्र में मासूम बेटियों व महिलाओं के साथ लगातार जघन्य अपराध घटित हो रहे। महिलाओं से जुड़े बढ़ते आपराधिक मामलों से महिलाओं व बेटियों के मन में डर व दहशत का माहौल है वे घरों से अकेले निकलने में डर रही है। सरकार के संरक्षण प्राप्त असामाजिक गुंडों से आमजन को जान माल का खतरा है। धवस्त हो चुकी कानून व्यवस्था व भाजपा की सरकार में "बेटियों व महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए जिला महिला कांग्रेस ने "बेटी बचाओ" अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा की मांग की, ताकि जिले व प्रदेश में महिलाएं, बहन व बेटियों निडर होकर घर से अपने कार्य व व्यवसाय के लिए निकल सके।



## जिले में फसल अवशेष जलाना प्रतिबंधित, उल्लंघन करने पर लगेगा अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




जिले में खेतों में फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेष (नरवाई) जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छिंदवाड़ा के आदेश क्रमांक डीएमछिं./एस.डब्ल्यू/कृषि/2024-25/2160 दिनांक 21 मार्च 2025 एवं संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जबलपुर के पत्र क्रमांक 1/नरवाई/2024-25/85 दिनांक 7 अप्रैल 2025 के संदर्भ में जारी किए गए हैं।

जिसके अनुसार, खेतों में नरवाई जलाना प्रतिबंधित है तथा इस पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश पूर्व से लागू किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय है। जिले में यह देखा गया है कि कई कृषक खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट करते हैं, जिससे पर्यावरणीय दुष्प्रभाव उत्पन्न होते हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह कृत्य जनहित के विपरीत है।

पर्यावरण विभाग द्वारा दिनांक 15 मई 2017 को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार भी खेतों में फसल अवशेष जलाना वर्जित है। यह प्रतिबंध नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुपालन में वायु (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के अंतर्गत पूरे मध्यप्रदेश में लागू किया गया है। निर्देशों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित कृषकों से पर्यावरण क्षति पूर्ति राशि वसूलने का प्रावधान है, जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों पर 2500 रुपये, 2 से 5 एकड़ वाले कृषकों पर 5000 रुपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों पर 15000 रुपये प्रति घटना की दर से अर्थदण्ड देय होगा।

# नपा दमुआ में कलेक्टर के आदेश की उड़ रही धज्जियां

## नियम विरूद्ध हो रहे काम, किसी का नहीं है ध्यान, नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



नगर पालिका दमुआ में चल रहे नियम विरूद्ध कार्य उड रही नियम कानूनों क धज्जीयांमनमानी भर्राशाही को आलम थमने का नाम नही ले रहा है न.पा. दमुआ में जो चाहे वो अपनी मनमानी कर रहा है हालत यह है क न.पा. दमुआ में जरूरत से ज्यादा कर्मचारी रख लिये गये है और नये कर्मचारियों की भर्ती की गई है जिसको जो समझ मे आ रहा है वो ही वैसा कर रहा है चाहे न.पा. अध्यक्ष हो या फिर सभापति पार्षद क्यो ना हो जो अधिकारी आता है वो भी अपनी मनमानी करने लगता है।

यदि ऐसा ही रहा तो आप ही बताऐं कि न.पा. दमुआ का कारोबार कैसे चलेगा न.पा. दमुआ में दो सौ से तीन सौ कर्मचारी कार्य पर रख लिये गये है पर उन्हे समय पर वेतन तक नही होता है कारण जिसको समझ में आया उसने अपना व्यक्ति काम पर रख लिया है और एक ही परिवार के दो दो व्यक्ति कार्य पर रख कर मनमानी तरह से भर्ती कर लिये है जबकि किसी का भी डेजिनेसन सही नही है कोई कुशन और कोई अकुशल दैनिक वेतन वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे है। कुछ कर्मचारी 2011 से भर्ती हुए है तब से काम कर रहे है।

मगर उन्हे कलेक्टर दर के आधार पर वेतन नही दिया जा रहा है और कुछ कर्मचारी ऐसे भी है जो बहुत पहले से काम कर रहे है जिनको नियमित भी करना चाहिए चाहे सफाई विभाग की बात हो या फिर जल विभाग, बिजली विभाग स्थापना विभाग क्यो ना हो कर्मचारी के साथ मनमानी रवैया अपनाया जाता है न.पा. अध्यक्ष सभापति पार्षद आदि सभी जब भी कोई अधिकारी न.पा. दमुआ आता है तो ये न.पा. दमुआ जनप्रतिनिधिगण अधिकारियों को गुमराह करने लगते है और अपना दबाव बनाकर काम करने लगते है और फिर फर्जीवाडा कर भ्रष्टाचार मचाते है। यदि किसी कर्मचारी ने अपने हक अधिकार में आवाज उठाई तो उन्हे काम से बंद करने की धमकी देने से भी नही चुकते है सरकारी राशि फण्ड मद आते देर नही कि राशी फण्ड में बंदरबाट होने लगती है। इस तरह से भ्रष्टाचार में डूबी नगर पालिका दमुआ के हालात बने हुए है अभी कलेक्टर रेट के आदेश कर्मचारियों को बढाकर देने का आदेश हुआ है किन्तु न.पा.प. दमुआ में कर्मचारियो को वेतन बढकर नही नही दिया जा रहा है। वार्ड नं. 8 में न.पा. दमुआ मे जो पार्क बनाया जा रहा है उसमें भी भारी भ्रष्टाचार हो रहा है और पार्क ऐसी जगह बनाया जा रहा है जो नाले की जगह मे है जिससे वार्ड न. 8 के अलावा अन्य किसी वार्डो के लोगो को लाभ नही मिल पायेगा।

# शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज करेंगे दिव्य प्राण प्रतिष्ठा

## 17 से 19 अप्रैल तक श्री नंदन हिल्स चौखड़ाढाना में होगा कार्यक्रम, किसन भगत के होंगे भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का तीन दिवसीय दिव्य प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर लोकार्पण समारोह में आगमन होने जा रहा है। देवभूमि डेवलपर्स परिवार के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यक्रम श्री नंदन हिल्स चौखड़ाढाना, हिंदूस्तान यूनिलीवर के आगे नरसिंहपुर रोड में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए देव भूमि डेवलपर्स उज्जवल सूर्यवशी, बकुल मिगलानी, दीपक देवांगन ने बताया कि परमपूज्य शंकराचार्य जो स्वामी सदानंद महाराज का आगमन 17 अप्रैल को शाम 4 बजे होगा जिनके स्वागत के लिए चौरई से लेकर आयोजन स्थल तक अलग-अलग स्वागत द्वार तैयार किए जा रहे हैं जहां पर भक्तों द्वारा शंकराचार्य महाराज स्वामी सदानंद जी का स्वागत किया जाएगा। रितेश चौरसिया और लक्की चौहान ने बताया कि 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का लोकार्पण समारोह में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज मुख्य रूप से शामिल होंगे। वह 18 और 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे भक्तों को दीक्षा देंगे इसके अलावा रोजाना परिसर में शाम 5 बजे से महाराज जी द्वारा प्रवचन और सत्संग भी किया जाएगा। आयोजन स्थल पर 5 हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है जबकि पार्किंग की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की जा चुकी है।

### ऐसी होगी कार्यक्रम की रूपरेखा

आयोजन समिति के अनिल तिवारी ने बताया कि 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शोभायात्रा एवं पूज्यपाद जगदगुरु शंकराचार्य महाराज श्री का स्वागत, प्रायश्चित, दशविधस्नान और मंडल स्थापना होगी।

## इस रूट से आएंगे शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज

देव भूमि डेवलपर्स परिवार के सदस्यों ने बताया कि शंकराचार्य जी श्री सदानंद सरस्वाती महाराज जी का आगमन 17 अप्रैल को शाम 4 बजे चौरई से छिंदवाड़ा में होगा। इस दौरान चौरई क्षेत्र में जगह-जगह महाराज जी का भव्य स्वागत होगा जिसके बाद वे बायपास होते हुए इमलीखेड़ा मार्ग से चंदनगांव, ईएलसी, कांग्रेस भवन के सामने होते हुए फव्वारा चौक, बस स्टैंड, बैल बाजार, तिलक मार्केट, श्याम टॉकीज, होते हुए नरसिंहपुर रोड स्थित श्री नंदन हिल्स पहुंचेंगे। जगह-जगह शंकराचार्य महाराज का स्वागत भक्तों द्वारा किया जाएगा। देव भूमि डेवलपर्स परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने अपील क है।

**एक शाम महाकाल के नामः** देव भूमि डेवलपर्स परिवार द्वारा 19 अप्रैल शनिवार को श्री नंदन हिल्स में विशाल प्रसादी भंडारे का आयोजन किया ज है। इस अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है जिसमें उज्जैन के प्रख्यात भजन गायक महाक गुलामी फेम किशन भगत अपनी प्रस्तुति देंगे जबकि आयोजन स्थल पर भव्य मेला और प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है।

## भाजपाईयों और एसडीएम के बीच हुई मौखिक झड़प

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह पत्रिका में जिला भाजपा अध्यक्ष का नाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाह की शासन की ओर से छापी गई निमंत्रण पत्रिका पर मुख्यमंत्री महोदय तथा जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड का नाम नहीं छपने को लेकर आज भाजपा नेताओं और एसडीएम के बीच मौखिक रूप से काफी गरमागरमी हुई।

प्रशासन पर मनमर्जी का आरोप लगाते हुए अपना विरोध दर्ज कराने पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अरूण भोसले, सभापति उमेश अुरकडे, रामेश्वर खोडे, सतिश बांबल, पंकज नाईक, विश्वास पराडकर तथा देवेंद्र बांबल एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम नेहा सोनी ने भाजपा नेताओं को बताया कि सामूहिक विवाह पत्रिका का कोई नमुना हमें शासन की ओर से नहीं भेजा गया है। इसलिए हमने प्रोटोकॉल के मुताबिक पत्रिका पर नाम प्रकाशित किए है। नगरमंडल के सभी अध्यक्ष आयोजन समिति के सदस्य है इसलिए उनके नाम का उल्लेख है। एसडीएम मैडम ने यह भी कहा कि हमारी जिले की 2 तहसील में क्या हो रहा है ? हमें केवल इससे मतलब है दूसरे स्थानों से नहीं।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरूण भोसले ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमारे जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड का यह अपमान है। इन्होंने जिला भाजपा अध्यक्ष के हवाले से कहा कि उन्हें सामूहिक विवाह की बैठक में नहीं बुलाया गया, कल विवाह का आयोजन है और उन्हें अब तक इसके बारे में किसी ने जानकारी नहीं दी है।

अरूण भोसले ने छिंदवाडा के मोहखेड में होने जा रहे सामूहिक विवाह की पत्रिका दिखायी जिसमें छिंदवाडा भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पांढुर्ना भाजपा जिला अध्यक्ष दोनों का नाम लिखा हुआ है। इसी प्रकार परासिया और अनेक स्थानों के मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की पत्रिका में जिला भाजपा अध्यक्ष के अलावा अनेक जनपद अध्यक्ष, पूर्व मंत्रियों, विधायक और अनेक जनप्रतिनिधियों के नाम लिखे गए है। भाजपाईयों के अनुसार पांढुर्ना जिले का प्रोटोकॉल दूसरे जिलों से अलग कैसे हो सकता है।

## नवकुंडीय श्रीसीताराम यज्ञ का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# काम, क्रोध, लोभ के रहते रामराज की कल्पना व्यर्थः पं. दुर्गेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विकासखंड अंतर्गत चमत्कारिक हनुमान मंदिर ग्राम उमरिया फदाली ,श्री सेवा दास महाराज की तपोभूमि में चल रही नवकुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ के पंचम दिवस कथा के अंतर्गत बिलासपुर छत्तीसगढ़ से पधारे धर्माचार्य पं. दुर्गेश महाराज के मुखारविंद से राम कथा में मंगलवार राम विवाह उत्सव के आगे की कथा पंडित दुर्गेश महाराज जी ने बताया कि चारों भाईयो का विवाह संपन्न हुआ भगवान राम का विवाह सीता जी के साथ भरत का विवाह मांडवी के साथ लक्ष्मण का विवाह उर्मिला के साथ और शत्रुघ्न का विवाह शुत कीर्ति के साथ संपन्न हुआ सभी लोग अयोध्या लौटे तब दशरथ जी ने अपने कुल पुरोहित गुरु वशिष्ट जी को बुलाया और कहां की अब मेरी अवस्था जर की ओर है मैं चाहता हूं कि अयोध्या के राज सिंहासन पर राम का राज्याभिषेक किया जावे गुरु वशिष्ठ ने उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार किया और दशरथ जी की भावना से सभा को अवगत कराया। भगवान राम के राज्याभिषेक की तैयारी होने लगी पूरी अयोध्या को फूलों से सजाया गया चारों और प्रकाश ही प्रकाश , तोरण बंधन दिखाई दे रहे थे। परंतु विधि का विधान कुछ और ही था।जब मंथरा को यह समाचार मिला और मंथरा ने समाचार कैकेई को बताया कि भगवान राम का राज्याभिषेक हो रहा है कैकेई यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुई और कहा मेरा राम राज गद्दीपर बैठेगा यह तो बहुत प्रसन्नता की बात है। मंथरा ने कहा की रानी राम राजा बनेंगे और भरत दास बनेंगे यह मुझे स्वीकार नहीं है ।तब कैकई मंथरा से बोली कि मुझे क्या करना चाहिए तब मंथरा ने कहा कि जब दशरथ जी कल आपके पास कोप भवन में आए तो उनसे आपके पास जो दो वर है वह वर मांग लेनाऔर दशरथ जी जब कैकई के पास कोप भवन में आए तब कैकई ने पहला वर मांगा सुनो प्राण प्रिय भरत जी का राज्याभिषेक हो दूसरा वर राम को 14 वर्ष का वनवास हो यह सुनकर दशरथ जी मूर्छित होकर गिर गए और कहा कि कैकई तूने यहां क्या वर मांग लिया अवध बगैर राम के गरीब हो गया राम जी को यह समाचार दिया राम ने सहर्ष स्वीकार किया उन्होंने अपनी माता कौशल्या से कहा मां मुझे वन जाना है आज्ञा दो इस प्रकार राम के वनवास की कथा का मार्मिक चित्रण पंडित दुर्गेश महाराज द्वारा किया गया कथा के दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7:00 बजे तक उमरिया फदाली चमत्कारिक हनुमान मंदिर में किया जा रहा है हनुमान मंदिर सेवा दास समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस पुनीत यज्ञ एवं कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत दिलाई जल संरक्षण की शपथ



**दमुआ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नांदना (परिवर्तित संस्था जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना) सेक्टर क्रमांक 4 दमुआ के द्वारा आदर्श ग्राम नांदना मे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी एवं बी.एस. डब्लू के छात्र मुकेश बेलवंशी अमन आरसे, अजय सिरसाम आदि के नेतृत्व में ग्राम मे ग्राम वासियो को जल संरक्षण के विषय मे बताया गया बैठक मे पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री राजेश सिरसाम जी के द्वारा बताया गया की जल हमारी धरोहर है ओर हमे इसे बचाये रखना हमारी जिम्मेदारी है जल नहीं तो कल नहीं हमे जल को व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए आवश्यकतानुसार हमे जल का उपयोग करना चाहिए आदि अंत मे नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी के द्वारा सभी ग्राम वासियो को जल संरक्षण की सपथ दिलाई गई।

### आज श्री ब्रह्म सभा जुन्नारदेव की बैठक

**जुन्नारदेव** : श्री ब्रह्म सभा जुन्नारदेव द्वारा 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाना है। इस हेतु श्री राम मंदिर में बैठक का आयोजन की जा रही है।श्री ब्रह्म सभा जुन्नारदेव द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु आज 16 अप्रैल 2025 को रात्रि 8:30 बजे श्री राम मंदिर जुन्नारदेव में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है । उक्त जानकारी अध्यक्ष ब्रह्म सभा अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा ने दिया और श्री विप्र जन इस बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर अपने विचार रखने की अपील की है।

## न्यूटन में लगेगा आयरन प्लांट, पानी की समस्या होगी दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में वेकोलि प्रबंधन द्वारा शीघ्र ही आयरन प्लांट लगाया जाएगा । यह जानकारी नपं अध्यक्षा अनुपमा राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है । नगर परिषद न्यूटन चिखली में विगत दिनों वेस्टर्न कोलफील्ड लि० की बंद पड़ी खदानों का दूषित पानी बड़ी मात्रा में पेंच नदी में मिलने से न्यूटन नगर की पेयजल आपूर्ति लड़खड़ा गई थी । स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थिति संभालने के लिये तत्काल कदम उताये गये । समस्या के प्रति लोगों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा परिषद् के साथ ही स्थानीय प्रशासन और वेस्टर्न कोल्डफील्ड लि० के स्थानीय अधिकारियों से लगातार चर्चा कर समस्या के समाधान की कार्ययोजना बनाई जा रही है ।

इसी कार्ययोजना के तहत खदान के दूषित पानी में आयरन की मात्रा अधिक होना पाया गया है । इसके निदान हेतु न्यूटन में फिल्टर प्लांट के पास आयरन प्लांट स्थापित किये जाने की माँग को लेकर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा मॉग पत्र डब्ल्यूसीएल के महाप्रबंधक को सौपा गया । उन्होंने शीघ्र आयरन प्लांट का कार्य प्रारम्भ करवाये जाने की बात कही । साथ ही वेस्टर्न कोलफील्ड लि० द्वारा नगर में नलकूप खनन करवाये जाने का प्रास्ताव दिया गया था एवं 4 नवीन नलकूप खनन करवाये जाने की योजना है ।अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय ने कहा , कि वेस्टर्न कोलफील्ड के महाप्रबंधक से संपर्क कर नगर में पेयजल आपूर्ति में अधिक से अधिक सहयोग किये जाने हेतु निवेदन किया गया ।

महाप्रबंधक अनूप हंजूरा ने आश्वास्त किया है , कि आज ही उनके द्वारा 2 टीम नगर परिषद न्यूटन में भेजी जा रही है , जो नलकूप खनन और आयरन प्लांट के स्थलों का जायजा लेकर अपना प्रतिवेदन प्रेषित करेंगी । उसके अनुसार शीघ्र कार्य प्रारम्भ करवाया जायेगा । जिन वार्डों में पाईप लाइन में सुधार या बदले जाने की आवश्यकता है , यह कार्य भी परिषद् द्वारा करवाया जा रहा है । निकाय द्वारा नगर में पहले भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती रही है।

## तामिया में मनाई आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

देश के संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक प्रेरणास्त्रोत डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को तामिया एससी एसटी ओबीसी समाज के संयुक्त तत्वाधान में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। तामिया नगर के सांस्कृतिक कला मंच खेड़ापति माता मंदिर के पीछे भव्य कार्यक्रम मैं पूजन एवं चल समारोह प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर भ्रमण के बाद कार्यस्थल पर आकर बाबा साहब अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया एवं बुद्ध वंदना ली गई और कार्य स्थल पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा केक काटा गया! कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में सगा समाज एससी एसटी ओबीसी , सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। साथ ही तामिया माता मंदिर से भव्य चल समारोह नगर भ्रमण करते हुए भगवान बिरसा मुंडा स्थल पर अगरबत्ती लगाकर आशीर्वाद लिया गया इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष शैलेन्द्र डेहरिया ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जन्म से समिति के पदाधिकारी कार्यक्रम अध्यक्ष शैलेंद्र डेहरिया उपाध्यक्ष आकाश मंडराह उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया संरक्षक दुर्गेश सलामे सचिव महेंद्र डेहरिया(ब्लॉक) कोषाध्यक्ष विनोद डेहरिया कोषानिरीक्षक रोहित डेहरिया सुभाष मिनोटे मार्गदर्शक धर्मेंद्र वासनिक सुश्री माया धुर्वे रैली प्रभारी गोल्डी डेहरिया रूपेश डेहरिया कार्यक्रम प्रभारी लोकेश डेहरिया संजय धुर्वे शहर सिंह मीडिया प्रभारी शेख आजाद कुरैशी,बलिराम अहिरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची, जिला पंचायत सदस्य नवीन मरकाम आदि मौजूद रहे।

### भारतीय बौद्ध महासभा ने आयोजित की अम्बेडकर की जयंती



**जुन्नारदेव** : देश की सुरक्षा के लिए सैनिक आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस और संविधान की सुरक्षा के लिए जनप्रतिनिधि पहरेदार है। उक्त विचार सेवा निवृत्त प्राचार्य डी आर बोनिया ने जन प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में व्यक्त किया। यह सम्मान समारोह भारतीय बौद्ध महासभा जुन्नारदेव द्वारा आयोजित डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर किया गया। जिसमें विधायक सुनील उइके पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, श्रीमती गीता वाईकर, श्रीमती सावित्री दर्गे, श्री राजेंद्र सूर्यवंशी, श्रीमती सुमन यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव , कांग्रेस नेता आलोक मुखर्जी सहित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को तथा पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन और राजेश पाटील ने किया।

# शिक्षा और समाज की उन्नति के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले ने किया काम-विवेक पटेल

### कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

वारासिवनी।

आधुनिक भारत के महानायक, समाज सुधारक, समानता वादी विचारक, लेखक, समाजसेवी, दर्शनिक, क्रांतिकारी सत्यशोधक समाज के संस्थापक, अक्षर ज्योति के प्रेरता महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई।

इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान सुदेश गुड्डू सोनी, डोंडूलाल चौहान, अनिल पिपरेवार, किशोर तामेश्वर, चिंटू जैन, विवेक जुझार, नरेंद्र राहंगडाले, अशोक पारधी, बुद्धेश बिसेन, उमराव वंजारी, राजकुमार मेश्राम, संदीप मेश्राम, दमन राहंगडाले, अनिल गौतम, हरि क्षीरसागर, संदीप खोब्रागड़े, राजेंद्र मेश्राम, शिव प्रसाद हनवत सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



जाति प्रथा, छुआछुत के खिलाफ महात्मा ज्योतिबा फुले का रहा अहम योगदान - विवेक पटेल इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि देश की सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना में महात्मा ज्योतिबा फुले का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। जाति प्रथा और छुआछुत के खिलाफ महात्मा ज्योतिबा पुले ने महान काम किया था। शिक्षा और समाज उन्नति के लिए देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले ने ऐसे दौर में अलख जगाई थीं, जब शायद लड़कियों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल था। उन्होंने अपनी पत्नि के साथ मिलकर कई क्रांन्तिकारी काम किया। उन्हीं की देन है कि जो महिलाएँ व युवतियाँ आज शिक्षित हो रही हैं और हर शासकीय विभागों में बड़े से बड़े पद पर अधिकारी बन रही हैं और समाज को आगे बढ़ा रही हैं।

इसके पूर्व विधायक श्री पटेल ने अपने साथियों के साथ कालेज चौक में स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए थे। इस मौके पर राजकुमार चौधरी, अनिल पिपरेवार,

## विद्युत मंडल के लाईनमेन का उत्कृष्ट कार्य करने पर हुआ सम्मान

**वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के पवार क्षत्रिय मंगल भवन में कंपनी के निर्देशानुसार म. प्र. पू. क्षे. वि. वि. कं. लि. संचा/ संधा वारासिवनी संभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वितरण केंद्रों के अधिकारी एवं मुख्यालय स्तर पर कार्य करने वाले लाईन कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मॉ सरस्वती का पूजन प्रभारी आर. एल. राउत के साथ मुख्य अतिथियों द्वारा संपन्न किया गया। आराधना गीत का गायन श्रीमती आरती शरणागत एवं रजनी कटरे द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाघाट वृत्त के अधीक्षण अभियंता (संचा/संधा) दीपक कुमार उइके एवं विशिष्ठ अतिथि वारासिवनी संभाग के कार्यपालन अभियंता बी. एल. भैना का स्वागत सत्कार संभाग के समस्त सहायक/कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा किया गया।

**कुशलता से लक्ष्य प्राप्त करने दिए टिप्स**

कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता बी. एल. भैना ने प्रारंभ में अपने प्रतिवेदन में विषय समत एवं लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्ति की जानकारी का वाचन किया एवं पुरस्कृत होने वाले समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की। इसी प्रकार कार्यक्रम के मुय अतिथि बालाघाट वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री उइके द्वारा भविष्य में कुशलता से लक्ष्य प्राप्त करने संबंधी कई टीप अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उपस्थित सभी संभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को देते हुए सम्मानित होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को बधाईयॉ दी।

**इन्हें किया गया समानित**

वितरण केंद्र स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए मयूर बिसेन सहायक अभियंता सावंगी, सुशील मर्सकोले कनिष्ठ अभियंता खैरलांजी, निखिल सुखदेवे सहायक अभियंता रामपायली एवं उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता वारासिवनी, राहुल तुरकर को अतिथियों के द्वारा समान पत्र प्रदान करते हुए समानित किया गया। इसी



क्रम में वितरण केंद्रों के 40 लाईन कर्मचारियों को भी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा समानित किया गया। संभागीय कार्यालय में पदस्थ अनुभाग अधिकारी गुलाब नेवारे एवं पीताबर वडीचार को भी उत्कृष्ठ कार्यालयीन कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**सुरक्षा शपथ दिलवाई गई**

कार्यक्रम के दूसरे चरण में संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री भैना द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी को जीवन की महत्ता बतलाते हुए सुरक्षा शपथ आदरणीय अधीक्षण अभियंता की उपस्थिति में दिलवाई गई। कार्यक्रम में के. एल. गौतम सेवानिवृत्त सहायक अभियंता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न वितरण केद्रों के प्रभारी सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी लाईन कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**यह रहे उपस्थित**

जिसमें राहुल तुरकर सहायक अभियंता वारासिवनी, राजीव रंजन सहायक अभियंता कटंगी, विनीत टेकाम कनिष्ठ अभियंता अमोली, सरफराज कुरैशी कनिष्ठ अभियंता लालबर्रा, मयूर बिसेन सहायक अभियंता सावंगी, निखिल सुखदेवे सहायक अभियंता रामपायली, मनोज ठाकरे कनिष्ठ अभियंता डोंगरमाली, सुशील मर्सकोले कनिष्ठ अभियंता खैरलांजी, परमेश्वर लिल्हारे कनिष्ठ अभियंता कोचेवाही, प्रेरणा सिंह कनिष्ठ

# नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयंती, विधायक विवेक पटेल सहित अनेक लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

वारासिवनी।

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अबेडकर की जयंती नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर उनके अनुयायियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

कांगे्रसजनों ने याद किया बाबा साहेब को वारासिवनी नगर में भी बाबा साहेब के अनुयायियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहेब की जयंती कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब अबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल व कांग्रेसजन अबेडकर चौक पहुँचे। जहॉ पर बाबा साहेब की आदमकद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि बाबा साहेब अबेडकर ने हम देशवासियों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतान्त्रिक मूल्यों पर आधारित न्याय और समावेशी विकास के लिए सबसे शक्तिशाली बनाया हैं। इस अवसर पर विधायक विवेक पटेल, स्वप्निल डोंगरे, अनिल पिपरेवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**भाजपाईयों ने भी याद किया बाबा साहेब को**

इसी प्रकार भाजपा द्वारा चुनाव कार्यालय में बाबा साहेब को याद किया गया। उसके बाद आंबेडकर चौक में स्थापित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर भाजपाईयों द्वारा माल्यार्पण कर याद किया गया।इस मौके पर पूर्वविधायक प्रदीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, उपाध्यक्ष प्रीति शिव, पार्षदगण संदीप मिश्रा, प्रवीण डोंगरे, मोनू लिमजे, पूर्व पार्षदगण सुनील पिपरेवार, प्रवीण रुसिया, श्रुति पालेवार, अर्चना पारधी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**नगर में निकली शोभायात्रा**

आंबेडकर जयंती के अवसर पर आंबेडकरवादियों द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कालेज चौक स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले चौक से प्रारभ हुई। यह रैली दीनदयाल चौक, बस स्टेण्ड, जय स्तभ चौक, नेहरु चौक, दुर्गा माता मंदिर, गाँधी चौक, गोलीबारी चौक होते हुए आबेडकर चौक पहुंची। जहॉ पर आंबेडकरवादियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण



किया। उसके बाद रैली वापस नेहरु चौक, जय स्तभ चौक होकर स्टेडियम पहुॅची।

इस दौरान स्टेडियम के पास शिव मंदिर समिति, चुनाव कार्यालय के सामने भाजपाईयों, नेहरु चौक पर कांग्रेसजन व राहुल गाँधी विचार मंच, गॉधी चौक में मुस्लिम समाज तथा मुय सड़क मार्ग पर श्रीराम लला सेवा समिति द्वारा रैली में शामिल लोगों को स्वल्पाहार व शीतल पेयजल उपलब्ध करवाया गया।

## खबर संक्षेप



### ठाकुर रामजियन सिंह ने अपने जन्मदिन पर हनुमान मंदिर में किया सुन्दर कांठ पाठ

हरिभूमि न्यूज छपारा। केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह के चाचा ठाकुर रामजियन सिंह ने आज अपने जन्मदिन पर घर पर अपने परिवार जनो के साथ पूजन पाठ करके, अपना जन्मदिन मनाया इसके बाद छपारा बड़े बगीचा स्थित हनुमान मंदिर में जाकर के पूजन पाठ किया कर सुन्दर कांठ का पाठ कराया साथ ही हनुमान जी महाराज से क्षेत्र की उन्नति और प्रगति के लिए हनुमान जी महाराज से प्रार्थना कर सभी के स्वस्थ और निरोग और दीर्घायु की कामना की इस अवसर पर ईष्ट मित्र उनके साथ थे।

# बोथिया में 10 दिनों से नलजल योजना बंद-नगर परिषद को जन समस्या से कोई सरोकार नहीं -!

**नगर परिषद के अम्बेडकर बार्ड नं-4 बोथिया पेयजल संकट से जुझ रहा है।दिनांक 5 अप्रेल से नलजल योजना का जल स्त्रोत ट्यूब बेल का वाटर लेबल डाउन होने से नल-जल योजना पुरी तरह से बंद हो गयी ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

केवलारी क्षेत्र का बोथिया ऐसा गांव है जो बैनगंगा नदी के समीप बसा है जहां पर प्रति बर्ष बर्षा काल मे बांध से पानी छोडने के बाद आधा गांव डुब जाता है। बोथिया -ग्राम मे नल जल योजना 1996 के आसपास अस्तित्व में आयी थी 28 बर्ष से संचालित नल जल योजना के जल स्त्रोत का अप्रैल के पहले ही सप्ताह में ही वाटर लेबल का कम हो जाने गांव की पेयजल सप्लाई पुरी तरह बंद पड़ी है ।नगर परिषद में ज्बाबदेही अधिकारी के ना होने से पानी की समस्या का निवारण करने बाला कोई भी अधिकारी नहीं है।प्रभारी सीएमओ बरघाट से नगर परिषद का संचालन कर रहे ओर यहां कार्यरत अस्थायी कर्मचारीयो के उपर किसी का भी दबाब नही होने से जनता की समस्याओ से उनको उनको कोई मतलब नही है।

**जल जीवन मिशन का सिस्टम कागजों में सिमटा**



**तीन दिनों से छुट्टी मना रहे है विभागों के कर्णधार**

शनिवार से लेकर सोमवार तक तीन दिनों से शासकीय अवकाश है,क्षेत्र पेयजल समस्या से जुझ रहा है ओर नगर परिषद पीएचई विभाग के कार्यालय मे ताला लगा हुआ है।

**मंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे दोनों विभाग**

श्री मति सम्पातिया उइके मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन को दिनांक 11 अप्रैल को बोथिया के प्रतिनिधि मंडल ने गांव मे पेयजल संकट की जानकारी से मंडला जाकर अवगत कराया था।मंत्री ने बी एल हरिनखेडे एसडीओ पीएचई ओर नगर परिषद केवलारी को स्पस्ट आदेश दिया था कि पेयजल के नये स्त्रोत्र से जल सप्लाई चालु करे लेकिन आज 5 दिन हो गये ना ही पीएचई के एसडीओ ने कोई ठोस कदम उठाया ना ही नगर परिषद को कोई फर्क पड़ा।

**जल जीवन मिशन की स्कीम कागजो मे सिमटी करोड़ों का भ्रष्टाचार**

बोथिया में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन से नवीन जल स्त्रोत सीधे बैनगंगा नदी मे ट्यूब बेल खनन कर जेजेएम की अवधारणा को कागजो मे पूर्ति कर भ्रष्टाचार करने मे कोई कसर नही छोड़ी गयी, बकायदा गांव मे ,आंगनबाड़ी, स्कूलो मे पेयजलपूर्ति के लिए कार्य को किये एक बर्ष हो गये। काम आधा अधुरा कर जल जीवन मिशन के लिए अनुबंधित कम्पनी ने पीएचई विभाग के अधिकारीयो से तालमेल कर कार्य पुर्ण का भुगतान प्राप्त कराकर नो दो ग्यारह हो गये ,ना तो योजना फलीभूत हुयी ओर ना ही गांव को पानी मिला, पूर्व से चल रही नल-जल योजना के फैल होने के बाद मचे हाहाकार मचा हुआ हैं ।बोथिया जलजीवन मिशन मे व्यय की गयी शासन की राशी अधिकारियों से बसुली आदेश के साथ कोई विकल्प नहीं बचता।

## मातृधाम में नवनिर्मित मंदिर में मां गिरिजा देवी के दिव्य विग्रह का अनावरण पर त्रिदिवसीय आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मातृधाम जहां भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनन्तश्री विभूषित ज्योतिष एवं द्वारका-शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की पूज्यनीय माता श्रीगिरिजा देवी का पावन स्थान है। पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज ने अपनी जन्मदात्री मां श्रीगरिजा देवी एवं परमाराध्या भगवती श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी में प्रतिष्ठित कर मातृदेवोभव का महान सनातनी संदेश मातृधाम की पावन धरा से दिया। मातृधाम में नवनिर्मित मंदिर मां गिरिजा देवी का एवं साथ में उनके पिता एवं माताश्री के दिव्य विग्रह का अनावरण 23 अप्रैल को पूज्यपाद द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज, परमपूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरान्द सरस्वती जी महाराज के करकमलों से होगा। इस शुभावसर पर पंचाग्निपीठ के आचार्य महामण्डलेश्वर ब्रह्मर्षि श्रीरामकृष्णानन्द जी महाराज, पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के निज सचिव पूज्य श्री सुबुद्धानन्द सरस्वती जी महाराज एवं अनेक साधु-संत,विद्वतजन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर त्रिदिवसीय आयोजन 21 से 23 अप्रैल 2025 होगा। इस अवसर प्रतिदिन 4 बजे से धर्मसभा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। 23 अप्रैल को मध्याह्न में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। मातृधाम में आयोजित होने त्रिदिवसीय आयोजन में सम्मिलित हो पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध मां गिरिजा देवी जन्मस्थान महोत्सव समिति मातृधाम द्वारा किया गया है।



## जल बिन प्यासे शहर, क्यों सिवनी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग, कहां रह गई कमी?

**सिवनी में पानी की किल्लत कोई अचानक आई हुई समस्या नहीं है। ये समस्या सालों से धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है।**

सिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी। गर्मी आते ही मध्य प्रदेश के सूदूर इलाकों में जल संकट गहराने लगा है. सिवनी स्थित सूखा गांव में सूखे जैसे हालात दिखने लगे हैं. ग्रामीण 1 किमी दूर जंगल में बने कुंए से पानी लाने को मजबूर हैं. गर्मी की शुरुआत होते ही उनकी चिंताएं बढ़ने लगी हैं.सिवनी. के सुदूर इलाकों में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, जिसका नतीजा सूख रहे तालाब-बावड़ियों के रूप में देखने को मिल रहा है. सिवनी के भोमा के अंतर्गत आने वाले ग्राम ईन्दावाड़ी पंचायत के सूखा गांव में गर्मी की दस्तक के साथ सूखे जैसे हालात अभी से देखने को मिल रहे हैं. यहां के तालाबों में अभी से पानी पूरी तरह खत्म हो जाने से सूखा पड़ना शुरू हो गया है. गांव के लोगों को पानी के लिए दूर तक जाना पड़ रहा है. ग्राम के वार्ड क्रमांक 6 के वासियों को एक महीने से पीने का पानी भरपूर मात्रा में नहीं मिल पा रहा है ग्रामीणों के मुताबिक उनके गांव की जनसंख्या करीब 1500 है और उनके गांव में विगत कई वर्षों से पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है. वहीं सरकार से लेकर किसी प्रकार की मदद नहीं मिन पाती है जिससे साल के 12 महीने गांव में पीने के पानी की किल्लत बनी रहती है. यही कारण है कि इंसानों के अलावा क्षेत्र के जानवर भी यहां पानी की समस्या से जूझ रहे है. पानी की इस प्रकार से होने वाली कमी के चलते लोगों को बेहद कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. जबकि इस साल सावन माह शुरू होते ही मुख्यालय समेत जिले में लगभग हर दिन अच्छी वर्षा हुई है। बावजूद इसके सिवनी जिले वासियों को पानी के एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है आखिर कहां गया पीने का पानी सिवनी जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोग पानी के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष के नेता एवं विपक्ष के नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते नजर आ रहे हैं सिवनी शहर और ग्रामीण इलाकों में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए, नेताओं की उदासीनता चौंकाने वाली है। हर अच्छे कार्य का श्रेय लेने वाले नेता पानी की समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि लोगों को पानी के लिए त्राहिमाम करना पड़ रहा है, नेताओं को तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। पानी की समस्या के समाधान के लिए फ्रांस जैसे देशों की तरह जल आपूर्ति के निजीकरण और अन्य प्रभावी तरीकों पर विचार किया जा सकता है। नेताओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और पानी की समस्या को दूर करने के लिए तीव्र गति से कार्य करना चाहिए।

**सिवनी में पानी से ज्यादा लाइट फाउंटेन और साउंड सिस्टम की है जरूरत, पानी के लिए हाहाकार के बीच चल रहे श्रेय लेने और देने की होड़**

सिवनी में पानी की गंभीर समस्या के बीच, नेताओं की प्राथमिकताएं संदेहजनक हैं। जबकि लोग पानी के लिए हाहाकार कर रहे हैं, सिवनी के नेता लाइट फाउंटेन और साउंड सिस्टम जैसी दिखावटी चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह स्थिति सिवनी के विकास और जन कल्याण के प्रति नेताओं की उदासीनता को उजागर करती है। श्रेय लेने और देने की होड़ में लगे नेताओं को पानी की समस्या का समाधान करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।
सिवनी जिले की जनता ने नेताओं को वोट देकर अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीदें उन्हें सौंपी हैं, लेकिन हालात यह हैं कि जनता पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए भी तरस रही है। जनता की उम्मीदों और नेताओं के कार्यों में खाई साफ नजर आ रही है, जिससे लगता है कि नेता अपने वादों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। विपक्ष की भूमिका में भाजपा के सामने कांग्रेस भी कमजोर दिखाई दे रही है, जिसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है। रोटी, कपड़ा, मकान और पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी सरकारें विफल हो रही हैं। जल संकट के कारणों में अत्यधिक पानी की खपत, जल प्रदूषण, सूखा, ग्लोबल वार्मिंग और गैरकानूनी डंपिंग प्रमुख हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे,

## डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा चोर गिरोह का किया गया पर्दाफाश

# तीन नकबजनी की घटनाओं का खुलासा, नशे का शौक पूरा करने के लिये करते थे चोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

थाना डूण्डासिवनी अंतर्गत में दिनांक 05.04.2025 को प्रार्थी मंजू गड्डी पित्ता जानूलाल बट्टी निवासी भुरकल खापा द्वारा दिनांक 05.04.2025 को अज्ञात चोर द्वारा उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखे कांसे के बर्तन, चांदी के जेवर, गल्ला व नगदी 7,000- चोरी होने की रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में अज्ञात आरोपी के विरूपा अपराध क्रमांक 151/2025 331(3),305 BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
दिनांक 07.04.2025 को प्रार्थी राजेन्द्र प्रसाद जरगे पिता मन्नूलाल जगरे निवासी ड्रीमलेंड सिटी डोगनीछतरपुर द्वारा दिनांक 04.04.2025 के 12.30 बजे वह डियूटी में लामता चले गये थे दिनांक 06.04.2025 को शाम करीब 06.00 बजे पर वापस आकर देखे तो अज्ञात चोर द्वारा उसके घर के सोने चांदी के जेवर व नगदी कुल 90,000 रूपये की चोरी होने की रिपोर्ट पर बाना हम्डासिवनी में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 152/2025 331(4),305 BNS पंजीबद्र कर विवेचना में लिया गया।





दिनांक 10.04.2025 को प्रार्थी पंडित राघवेन्द्र शास्त्री पिता बैजनाथ प्रसाद निवासी महाकालेश्वर बोरदई द्वारा दिनांक 09.04.2025 की दरम्यानी रात अज्ञात चोर द्वारा मंदिर का गेट का ताला तोडकर मंदिर में रखी दानपेटी में रखे रूपये पैसे करीब 10-12 हजार रूपये की चोरी होने की रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 156/2025 331(4),305 BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
थाना डूण्डासिवनी अंतर्गत नकबजनी की घटनाओं को रोकने एवं आरोपीयों की गिरफ्तारी व सम्पत्ति की बरामदगी हेतु जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में धाना प्रभारी निरीक्षक किशोर वामनकर के नेतृत्व में टीम गठित कर चोर गिरोह का पर्दाफाश कर किया गया।
विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु घटना स्थल से आवश्यक परिस्थिति अन्य साक्ष्य एकत्रित किये गये मुखबिर से प्राप्त सूचना तथा घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संदेहीयों को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ की गई पूछताछ के दौरान आरोपी आफताब खान, जुनैद खान तथा तीन विधि का उल्लंघन करने वाले बालको ने चोरी की घटनाये करना स्वीकार किये है एवं आरोपीयो तथा तीन विधि का उल्लंघन करने वाले बालको से उपरोक्त अपराधों में पृथक-पृथक सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये तथा बर्तन सामान जप्त कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर सर्किल जेल तथा तीन विधि का उल्लंघन करने वाले बालको को सम्प्रेक्षण गृह भेजा गया है।
उक्त आरोपीयो तथा तीन विधि का उल्लंघन करने वाले बालको के द्वारा डूण्डासिवनी थाना क्षेत्र में घूम घूम कर परों की रेकी कर सूने परो का ताला तोडकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। आरोपीयो से पूछताछ पर आरोपीयो ने बताया कि चोरी कर अपने शराब एवं गांजा पीने शौक को पूरा करते थे चोरी का अधिकांश पैसा दारू पार्टी व खाने पीने पर खर्च करते थे।

**गिरफ्तार आरोपी**

. आफताब ऊर्फ अप्पू खान पिता साजिद खान उम्र 20 साल निवासी हड्डी गोदाम भगतसिंह वार्ड सिवनी 02. जुनेद बैग पिता मिर्जा अलीम बैग उम्र 22 साल निवासी ध्यानचंद वार्ड सिवनी , तीन विधि का उल्लंघन करने वाले बालक › कुल जप्त मशरूका सोने की बाली, चांदी की दो पायल, बिछिया, सुचना, कांसे के बर्तन एवं पटना में उपयोग की गई दो मोटा गगकिल प्रथा गादी 28.920 रुपये में 2030 रुपये विल्टा सिक्के कुल लगभग 1.8.3.3000/- रूपये। उक्त कार्यवाही मे प्र.आर. शेखर बघेल, मनोज मरावी, संजू उइके, आर. अंशुमन, सीताराम, रोहित, चन्द्रदीप, सैनिक मोह, वकील, सायबर सेल से सजनि, देवेन्द्र जायसवाल शामिल रहे।

# शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक जबलपुर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक वेटरनरी कॉलेज जबलपुर में संपन्न हुई ।इस अवसर पर शिक्षकों की समस्याओं/मांगो, संगठन की विभिन्न गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।
प्रदेश भर से आए हुए शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने जिलों की समस्याओं और कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।चर्चा के दौरान विशेष रूप से अध्यापकों को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता प्रदान करने, चौथा समय मान वेतन दिए जाने, आयुष्मान योजना की तरह पाँच लाख रुपए तक का चिकित्सा बीमा दिए जाने, तीसरी संतान वाले शिक्षकों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाही संबंधी नियम को समाप्त किए जाने ,अर्जित अवकाश की एंट्री में आ रही समस्याओं के समाधान, एनपीएस की पासबुक दिए जाने जैसी अनेक समस्याओं पर शासन का ध्यान आकर्षण कराने की बात कही गई।
सिवनी जिला अध्यक्ष श्री अविनाश पाठक द्वारा उच्च पदभार की काउंसलिंग होने के बाद भी अनेक शिक्षकों के आदेश जारी नहीं किए जाने, उच्च माध्यमिक शिक्षकों की 24 वर्ष की क्रमन्नति की कार्यवाही न किए जाने एवं अप्रैल माह से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किए जाने के औचित्य पर सवाल उठाया गया।
उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में भीषण गर्मी का प्रकोप रहता है ।ठीक परीक्षा/परिणाम के उपरांत विद्यार्थी और शिक्षक अध्ययन-अध्यापन के लिए मानसिक रूप से भी तैयार नहीं रहते। शालाओं में बच्चों की उपस्थिति भी नगण्य रहती है ।ऐसी स्थिति में अप्रैल माह में नवीन शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ मात्र एक कर्मकांड बनकर रह गया है। पूर्व की भांति 15 जून से नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ किया जाना शिक्षा एवं छात्र हित में होगा। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांताध्यक्ष श्री छात्रवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि वे इन सभी मांगों के लिए शासन से सतत संपर्क में है और शीघ्र ही प्रमुख मांगों के पूर्ण होने के प्रति आशान्वित हैं। आगामी कार्यक्रमों में 10, 11 एवं 12 मई को अमरकंटक में कार्यकर्ताओं का अभ्यास वर्ग एवं जुलाई माह में सदस्यता अभियान चलाया जावेगा ।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिवनी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि मंगलवार 15 अप्रैल को शासन के निर्देश अनुसार जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना है। इसी निर्देश के तारतम्य में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जनप्रतिनिधि सुश्री साक्षी डागोरिया एवं श्री चंदन खताबिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सिवनी डॉक्टर जयपाल सिंह ठाकुर,डीसीएम श्री संदीप श्रीवास संजीवनी क्लीनिक के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हर्षित कोरी और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पुरुषोत्तम डेहरिया उपस्थित थे।
स्वास्थ्य शिविर में आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं उचित परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्धकी गयी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के माध्यम से आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अपेंटिसशिप मेला का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे राम रमन प्राईवेट आई. टी. आई., होम गार्डस ऑफिस के सामने सिवनी जिला सिवनी में तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें। उन्होंने बताया कि आयोजित स्वरोजगार मेले में किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## आरोपीः आगजनी की घटना को लेकर शासकीय अमला ने नहीं ली अब तक किसानों की सुध?

**जिले में आगजनी घटना नित्य प्रति हो रही है जिसके चलते किसानों की पाँच माह की मेहनत उसकी आखों के सामने जलकर खाक हो गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इतना ही नहीं इलेट्रिक बायर ,पाईप,फलदार एवं अन्य वृक्ष सहित अनेक किसानों की पराली भी पशुओं का भोजन भी राख बन गया। शासन प्रशासन नित्य प्रति आग से हो रही तबाही अखबारों ,न्यूज चैनलों के माध्यम से देख और सुन रहे हैं परन्तु कार्यवाही तो दूर पीड़ितों के पास तक संबंधित विभाग के कर्मचारीगण गाँव पहुँच सेवा देने से क्यों कतरा रहे हैं ।स्थानीय जनप्रतिनिधि किसानों के खेतों में पहुंचकर फोटो सूट करवाते है और उसे सार्वजनिक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते परन्तु उसके बाद किसानों की तरफ देखना भी मुनासिब नहीं समझते।किसानों को क्षतिपूर्ति राशी स्वीकृत होकर मिली है या नहीं इस बात से किसी को कोई लेनादेना नहीं।इन्ही सब बातों को लेकर किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव डा राजकुमार सनोड़िया ने जिलाधीश से पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि जैतपुर कलाँ के किसानों को तकरीबन एक माह होने को है सहायता राशी नहीं मिली है उन किसानों को तत्काल सहायता राशी प्रदाय की जावे ।एवं मात्रधाम क्षेत्र के फुलारा,करहैया, कारीरात ,भण्डारपुर सहित अनेक ग्राम के किसान आगजनी घटना के शिकार हुए है उनका भी सर्वे कराया जाय एवं उन्हें भी धारा ६-४के अनुसार सरकार के नियम अनुरूप क्षतिपूर्ति राशी दी जाए एवं आग लगाने वालों की पहचान कर उनके ऊपर दण्डित कार्यवाही की जावे ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ती ना होने पाए ।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के आयोजन को लेकर आयोजित हुई बैठक

# 5 मई से 6 जून तक जिला एवं विकासखंड पर किया जायेगा प्रशिक्षण का आयोजन,पंजीयन 3 मई तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले एवं विकासखंड स्तर पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये की कार्ययोजना को लेकर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार 15 अप्रैल को कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष बैठक आयोजित की गयी। आयोजित बैठक में विकासखंड एवं जिले स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।
बैठक में लिये गये निर्णयानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 05 मई 2025 से 06 जून 2025 तक प्रातः 06 बजे से 08:30 बजे तक तथा सायं 05:00 बजे से 07:00 बजे तक निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जावेगा। जिला मुख्यालय में सभी प्रशिक्षणार्थियों को 03 मई 2025 तक पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। पंजीयन शुल्क राशि रु. 50.00 (पचास रुपया मात्र) जिला मुख्यालय हेतु निर्धारित की गयी है, किंतु विकासखंडों में किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जावेगा। इस वर्ष जिला मुख्यालय में फुटबॉल स्टेडियम सिवनी- फुटबॉल, एथलेटिक, बैडमिंटन (केवल प्रातः के समय 06:00 बजे 09:30 बजे तक), बड़ी पुलिस लाईन मैदान सिवनी- वालीबॉल, कराते, बास्केटबॉल के मैदान को परिवर्तित कर आफिसर्स क्लब सिवनी किया गया है। श्री महावीर व्यायाम शाला सिवनी - बाक्सिंग, वुशू, जिम्नास्टिक, शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी - शतरंज, मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम सिवनी- हॉकी, एम.एल.बी. सिवनी में - कबड्डी तथा शास.तिलक स्कूल में योग में प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया गया है। योग हेतु कोई आयु बंधन नहीं रहेगा किंतु शेष सभी खेल हेतु आयु सीमा 05 वर्ष से 18 वर्ष तक निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार विकासखंडों में क्रमशः कुरई- कबड्डी, नेटबॉल, केवलारी- खो-खो, कबड्डी, धनौरा- कराते, वालीबॉल, घंसौर-कराते, कबड्डी, लखनादौन- फुटबॉल, वालीबॉल, बरघाट- टेबल टेनिस, मलखंब (शास.उ.मा.वि.बोरीकलां) ढवं छपारा में फटबॉल व कराते में निःशुलक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाना है।



## मिलिंद पर हमले का पांचवां आरोपी विकास कावरे गिरफ्तार: राइस मिलर ने दी थी 30 हजार की सुपारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**मिलिंद पर हमले का पांचवां आरोपी विकास कावरे गिरफ्तार:बालाघाट में राइस मिलर ने दी थी 30 हजार की सुपारी, पुलिस ने 300 सीटीवी खंगाले।**



बालाघाट पुलिस ने मिलिंद ठाकरे पर चाकू से हमला करने के मामले में फरार पांचवें आरोपी विकास कावरे को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि विकास कावरे की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस ने 13 अप्रैल को इस मामले में चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें सुपारी देने वाला राइस मिलर विकास गंगवानी, नितेश यादव, सन्नी यादव और सूरज परते शामिल हैं। इन लोगों ने 7 अप्रैल को मिलिंद ठाकरे की जांघ पर चाकू से हमला किया था।

**मिलिंद को डराने के लिए मिले थे 30 हजार**

एसपी नगेन्द्र सिंह ने बताया कि राइस मिलर विशाल गंगवानी ने मिलिंद को डराने के लिए 30 हजार रुपए में सुपारी दी थी। आरोपियों का मिलिंद को जान से मारने का इरादा नहीं था। आरोपी 24 मार्च से मिलिंद की रेकी कर रहे थे। घटना के दिन सूरज परते और विकास कावरे ने मिलिंद पर हमला किया।

**300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले**

पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता लगाया। विशाल गंगवानी मिलिंद के एक अड़ीबाजी मामले में गवाह है। मिलिंद उस पर गवाही बदलने का दबाव बना रहा था। साथ ही व्यापारिक रूप से भी विशाल को नुकसान पहुंचा रहा था। इससे परेशान होकर विशाल ने मिलिंद को सबक सिखाने के लिए हमले की योजना बनाई।

## जैन मुनियों पर हमले का विरोध: बालाघाट में मौन रैली निकाली, फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट। नीमच जिले के सिंगोली में जैन मुनियों पर हुए हमले के विरोध में बालाघाट में जैन समाज ने मौन रैली निकाली। 13 अप्रैल की रात को हनुमान मंदिर में विश्राम कर रहे तीन जैन मुनियों पर 6 बदमाशों ने लाठी और धारदार हथियारों से हमला किया था। मंगलवार शाम 5 बजे सकल जैन समाज ने सर्वसमाज के साथ मिलकर रैली निकाली। यह रैली स्थानक से शुरू होकर काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक और विश्वेश्वरैया चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली में सैकड़ों लोगों की भीड़ को देखते हुए कलेक्ट्रेट का गेट बंद कर दिया गया। एसडीएम गोपाल सोनी ने कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन स्वीकार किया। जैन समाज के प्रतिनिधि संतोष जैन ने कहा कि पूरा जैन समाज इस घटना से आहत है। उन्होंने जैन मुनियों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय करने की मांग की। साथ ही हमलावरों के खिलाफ फास्टट्रैक कोर्ट में केस चलाकर कड़ी सजा देने की मांग की।

## क्षेत्र भर में मनाई गई अंबेडकर जयंती, चारों दिशाओं में सुनाई दिया 'जय-भीम'

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

**संविधान में बाबा साहब ने सभी को अधिकार दिए- कांबळे**



कटंगी। संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती समूचे कटंगी क्षेत्र में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर गांव-गांव में जयंती समारोह का आयोजन कर डॉ बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा और छायाचित्र के समक्ष पूजा वंदना की गई. क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने कटंगी बस स्टैंड स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उन्हें नमन किया. अंबेडकर अनुयायियों ने सुबह 08 बजे प्रतिमा स्थल पहुंचकर पूजा अर्चना और धम्म वंदना की. शाम 06 बजे नगर में गगनचुंबी आतिशबाजी करते हुए भव्य रैली निकाली गई. जिसमें नीला झंडा लेकर युवाओं को जमकर नाचते हुए देखा गया. नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद रैली बस स्टैंड पहुंची जहां देर शाम मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ है. मंचीय कार्यक्रम की समाप्ति के बाद डॉ बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर आधारित परीक्षा और रंगोली-चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. वहीं रात्रि साढ़े 10 बजे से बुद्ध अंबेडकर मिशन पर प्रकाश सागर और उनकी टीम ने गीत गजल और कव्वाली की प्रस्तुती दी. बता दें कि भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में से एक बड़ा नाम है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का है जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किए. डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निर्माता थे. जिनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था. बाबा साहब की जयंती पर सोशल मीडिया पर भी लोगों ने एक दूसरे को जमकर बधाइयां दी. ग्राम पंचायतों में सरकार के आदेश पर विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए.

कटंगी नगर में आयोजित जयंती समारोह में राष्ट्रीय सामाजिक चिंतक बी.एम. कांबळे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने की. समाजसेवी इंजीनियर प्रशांत मेश्राम, सखाराम इनवाती, कवि शैलेष शैल, सेवानिवृत्त प्राचार्य टी.पी. घोड़ेश्वर, जे.एल. कोचे, कपिल मेश्राम, देवराज पन्द्रे, मंजू उके, निरुपमा वारके बतौर अतिथि के रूप में मंचासीन रहे. मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत में सखाराम इनवाती ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार होने से लेकर दलित वर्गों के लिए समानता और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले वह शख्स है जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता. वर्तमान समय में धर्म के आधार पर जो राजनीति हो रही है उसे समझने की जरूरत है. धर्म को आधार बनाकर राजनीति करना गलत है. यह संविधान की मूल भावना के विपरीत है. अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को 52 प्रतिशत का आरक्षण है. कपिल मेश्राम ने कहा एकता और भाईचारा बनाए रखना जरूरी है. प्रशांत मेश्राम ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने हमें यहां बैठने का अवसर प्रदान किया है. उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती सिर्फ नाच-गाने का विषय नहीं है हमें बाबा साहब का अनुसरण करना पड़ेगा इसलिए उन्हें पढ़ना पड़ेगा और अपने बच्चों को बाबा साहब को पढ़ने के लिए प्रेरित करना पड़ेगा. बाबा साहब ने अपने संविधान में जानवरों के भी अधिकारों की रक्षा की है तो इसी बात से कल्पना की जा सकती है कि संविधान में इंसानों के अधिकारों के लिए कितना लिखा होगा.

कवि शैलेश शैल ने अंबेडकर कैसे बनते है इसे अपनी कविता के जरिए बताया. इसके पहले उन्होंने कहा कि दुनिया के 123 देशों में आज जयंती मनाई जा रही है बाबा साहब अंबेडकर सिंबल ऑफ नॉलेज है. उन्होंने कहा कि हमारे पास भीड़ है मगर संगठन नहीं है. खबर है मगर अखबार नहीं है. संविधान है मगर अधिकार नहीं है. इसका कारण है हमारे पास आडंबर है अंबेडकर नहीं है.जयंती समारोह के मुख्य वक्ता बी.एम. कांबळे ने कहा कि बाबा साहब ने जिस समाज को जानवर से इंसान बनाया. बाबा साहब के बनाए कानून और आरक्षण की बदौलत आज उच्च पदों पर बैठ गए वह केवल आज एक दिन जयंती मनाते है. बाबा साहब जब जीवित थे तब पहली बार उनकी जयंती मनाई गई थी. उस दिन बाबा साहब ने एक अहम बात कहीं थी. बाबा साहब ने कहा था मेरे जय-जयकार करने की बजाए मैंने जिस मकसद के लिए अपना जीवन लगाया है उसके लिए कार्य करों. इस देश में आदिवासी, अछूत अनसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, अल्पसंख्यकों ने लिए बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिए. बाबा साहब ने संविधान लिखते समय सभी का ध्यान रखा. मगर, अब संविधान खतरे में है भारत में अराजकता आ चुकी है संविधान तो है मगर, इसके अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है. हक और अधिकार खत्म किए जा रहे है और हमारा बुद्धिजीवी वर्ग तमाशा देख रहा है डर रहा है. उसे इस बात का डर है कि सरकारी संस्थाएं उन पर कार्रवाई ना कर दें. आपको सिर्फ इतना पता है कि बाबा साहब ने संविधान लिखा है उसमें क्या लिखा है यह पता नहीं है यह पता करने की जरूरत है. जयंती समारोह के सफल आयोजन में जिला बौद्ध संघ बालाघाट, प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार समिति, समता सैनिक दल, आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी कार्यक्रम आयोजन अध्यक्ष किशोर मासुरकर, वरिष्ट उपाध्यक्ष संजय इनवाते, कनिष्ट उपाध्यक्ष रमेश गेड़ाम, महासचिव वी.पी.भालाधरे, सचिव के.आर.वासनिक, सह सचिव राहुल मासुरकर, कोषाध्यक्ष निरुपमा वारके, हर्ष रायकर, भानु प्रताप मरकाम सहित तमाम लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

## बाबासाहेब अंबेडकर जयंती पर वृध्दा आश्रम में भोजनदान कर फलों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती जिलेभर में धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य रैली भी निकाली गई जिसमें जगह-जगह हुए कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में अनुयायी और सर्वसमाज के लोग जुटे। इस कडी में परोपकार और मानव हितार्थ की भावना लिए हुए भरवेली, हीरापुर व बालाघाट के अंबेडकर अनुयायियों के द्वारा वृद्धा आश्रम पहुंचकर भोजन दान एवं फलों का वितरण कर वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां वृध्दजनो ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए हृदय से आर्शीवाद दिया।

वृध्दा आश्रम में भोजनदान व फल वितरण के दौरान उपस्थित लोगो ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए बाबा साहेब के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. अंबेडकर कुशल विधिवेत्ता थे। वे महान अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित और बौद्ध आंदोलन को नई दिशा दी।

इस दौरान उन्होने लोगों से अंबेडकर जी के आदर्शो और विचारों पर चलने का आह्वान करते हुए बाबा साहेब के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए संविधान में दिए गए अधिकारों की जानकारी दी गई । और लोगों को संविधान का पालन करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर राहुल बोरकर, एडविन कुमार, कुलदीप निकुसे, देवेंद्र घोड़ेश्वर, जुनैद खान, अरविंद गेडाम, डैनी डोंगरे, महेंद्र धुर्वे, हेमंत ऊके, सुरक्षित गेडाम, सुमित डोंगरे, मिलन चौरे, विजय, अमित रामटेके ,अमरदीप उके, आकाश लांझेवार, हर्ष ऊके, अतुल डहाटे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जन अभियान परिषद बैहर द्वारा सतत जल जागरूकता के कार्यक्रम ग्राम सोनपुरी मे किया गया

हरिभूमि न्यूज उकवा



शासन के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रसफुटन समिति नवांकुर संस्थाओं व मेंटर्स के मध्यम से अपने अपने ग्राम में जल संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु शपथ संगोष्टी चौपाल व तालाब सफाई जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रंहे है इसी क्रम में आज ग्राम सोनपुरी में सामूहिक श्रमदान से तालाब साफ सफाई की गई एवं साइड में जिसमें पानी हमेशा रहे इस लिए डैम का भी निर्माण किया जा रहा है जिसमें सभी को जानकारी दी गई की पानी ज्यादा खर्च न करें इसे बचाए एवं उसके फायदे बताएं एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोगों को जल संरक्षण करना और लोगों संरक्षण करवाने के लिए प्रेरित किया गया।

*कार्यक्रम में उपस्थित:-*

सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष श्री जेम्स बारीक जी मध्य प्रदेश सरपंच संघ उपध्यक्ष ग्राम पंचायत सोनपुरी सरपंच श्री सुनील उड़के जी सहायक सचिव सतीश उमरे जी डॉ. प्रभात घुले जी, युवा समाज सेवी संदीप गजभिये जी, भाजपा मंडल उकवा महा मंत्री तपेश घुले जी, ब्लॉक सामान्यव्यक श्री महेश पटले जी, श्री सुरेश यादव जी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजीव परते जी, सुरेंद्र कुमरे,संतोष चौधरी, आदि मिडिया से आनन्द गोदरे, अशोक राऊत, संजना बर्वे, सलीम खान, निखिल आदि एवं

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं संदीप गजभिये, विमल भावे, हेमलता राहँगडाले, ज्योति वरकडे, सरिता मात्रे, पूर्णिमा राहँगडाले,विमल भावे, पीहू हरिद्वार, अभय यादव,साधना मार्सकोले, अविका यादव आदि

का विशेष सहयोग रहा पानी बचाएंगे ही नही बल्कि पानी बढ़ाएंगे दूसरों को जागरुक भी करेंगे, के नारे के साथ सतत कार्य हो रहे है!

## जल दो या जेल दो की मांग लेकर भूख हड़ताल पर उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

**ग्रापं. बिसोनी उपसरपंच पवन कश्यप ने शुरू की सांकेतिक भूख हड़ताल**




**लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप 15 अप्रेल को ग्राम में नलजल योजना चालू नहीं होने कारण जल दो या जेल दो की मांग लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसरपंच श्री कश्यप ने बताया की ग्राम पंचायत बिसोनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम दखनीटोला आवास में पिछले 4 वर्षों से नल-जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है परंतु ठेकेदार द्वारा ग्राम में आज दिनांक तक पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है और न ही ग्रामीणों के घर तक जल पहुंचाने का काम नहीं किया गया है वहीं इस संबंध में पूर्व में भी कलेक्टर एवं पीएचई विभाग को कई बार शिकायत की गई फि र भी शासन-प्रशासन के कान जूं तक नहीं रेंगी। नल-जल योजना का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है शुरू हुई भीषण गर्मी को देखते हुए शुरूआती दौर से ही ग्रामीणों में जल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जबकि वर्तमान कलेक्टर द्वारा मार्च माह के आखिरी तक नल-जल योजना से घर-घर तक जल पहुंचाने का आदेश किया गया था परंतु ठेकेदार एवं विभाग की निष्क्रियता के कारण ग्रामीणों को पानी के लिये तरसना पड़ रहा है वहीं ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए ठेकेदार को 10 अप्रैल तक ग्रामीणों के घर तक नल-जल योजना से पानी देने की मांग की गई थी परंतु ठेकेदार द्वारा उक्त मांग की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके कारण मेरे द्वारा ग्रामीणों के साथ दखनीटोला आवास में बनी पानी टंकी के नीचे 15 अप्रैल से भूख हड़ताल प्रारंभ कर दी गई है। यह भूख हड़ताल तब तक जारी रखी जाएगी जब तक लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचेगा। इस दौरान कोई भी कोई भी परेशानियां आती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## रोलर मशीन में अज्ञात कारण से लगी आग मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम खजरी में अज्ञात कारण से एक मशीन में आग लग गई. आगजनी की यह घटना सोमवार की सुबह करीब आठ बजे के आसपास की है. आग कैसे लगी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. मशीन मालिक ने थाने में कोई शिकायत या एफआईआर दर्ज नहीं करवाई लेकिन दिलीप राहंगडाले नामक ग्रामीण ने थाने में आगजनी की शिकायत का लिखित आवेदन दिया है. यह मशीन इसी ग्रामीण के घर के सामने खड़ी थी. जानकारी अनुसार सड़क निर्माण में प्रयुक्त रोलर मशीन में आगजनी की यह घटना हुई है. फिलहाल यह मशीन किसकी है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई. बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण करने वाले कुछ लोग रविवार की शाम मशीन लेकर आए और दिलीप राहंगडाले के घर के सामने खड़े करके चले गए. दिलीप राहंगडाले ने घर में विवाह समारोह होने की बात कहते हुए उन्हें घर के सामने मशीन खड़े रखने के लिए मना भी किया था किंतु कर्मचारियों ने सोमवार की सुबह मशीन ले जाने की बात कहते हुए मशीनों को वहीं रख दिया था. जिसमें से एक मशीन में अचानक से आग लग गई. आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचा. दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया. इस पूरी घटना के बाद शाम तक रोलर मशीन मालिक की तरफ से थाने में कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है।

## पूज्य भदंत संघ के हस्ते हुआ बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज किरनापुर



किरनापुर:- सिंबॉल ऑफ नॉलेज,संविधान शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर किरनापुर बस स्टैण्ड परिसर भव्य एवं आदमकद प्रतिमा स्थापित कर गरिमामय वातावरण मे पूज्य भदंत संघ के हस्ते अनावरण किया गया। पूज्य भदंत संघरत्न मानकेजी, अध्यक्ष पेय्या मेत्या संघ जापान/भारत, पूज्य भदंत खेइचि तेराशिमाजी जापान, पूज्य भदंत देवेन्द्रजी, नागपुर, पूज्य भदंत धम्मशिखरजी त्रिरत्न बौद्ध विहार कोसमी बालाघाट एवं श्रामनेर संघ की उपस्तिथि मे बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती, धूपबत्ती, अगरबत्ती जलाकर अनावरण कर त्रिशरण पंचशील का पाठ किया गया। तत्पश्चात पूज्य भदंत संघ द्वारा धम्मदेशना दी गई। इस कार्यक्रम के मौके पर प्रमुख वक्ता के तौर पर मौजूद आर के कठाने प्रांतीय सचिव भारतीय बौद्ध महासभा,श्रीनिवास बारमाटेजी सामाजिक कार्यकर्ता एवं एल.डी. मेश्रामजी सामाजिक कार्यकर्ता इन सभी द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए इनके बतलाए मार्गो पर चलकर आदर्शों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम समिति द्वारा ग्राम पंचायत किरनापुर से मिले अविस्मरणीय सहयोग के लिए सरपंच धर्मकला भाई जेपी रामटेके, उपसरपंच रोशनी मनीष उपाध्याय सहित समस्त पंचगणों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया वही इस तरह के एक ऐतिहासिक कार्य को अंजाम देने हेतु ग्राम पंचायत किरनापुर द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थापना एवं सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के समस्त पदाधिकारियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रात्रि के समय ऑर्केस्ट्रा फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भीम गीतों के साथ साथ सदाबहार फिल्मी गीतों की सुमधुर संगीतमय कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।इन समस्त कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करने मे बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा स्थापना एवं सार्वजनिक जयंती समारोह समिति अध्यक्ष जयप्रकाश रामटेके, उपाध्यक्ष राकेश ईश्वरलाल बोरकर, उमाताई मेश्राम, सरोज भीमटे, प्रमुख मार्गदर्शक आर के शेंडे,कोषाध्यक्ष एस आर पटले, सचिव राहुल वैद्य, सहसचिव स्वाकेश भीमटे, संरक्षक एस सी वैद्य, व्ही एन मेश्राम, एम आर बागड़े, सलाहकार दुरेन्द्र सावनकर, विनय चौरे, दुर्गेश भीमटे,मिलिंद चौरे, राजेन्द्र वैद्य, अमरदीप रामटेके, हंसराज वाहने, फनेंद्र मेश्राम,रोहिदास मेश्राम, गौतम भीमटे, एच डी मेश्राम, मनोज खोबरागड़े, एन एल निकुसे, एन के मेश्राम सहित समस्त अनुयाइयों एवं ग्रामीणजनों का सराहनीय सहयोग रहा।

**बाबा साहब की जयंती पर बौद्ध विहार मे की सामूहिक पूजा वंदना**

डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती के अवसर पर तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर के शाक्य मुनि बौद्ध विहार एवं ग्राम नारायणटोला के बौद्ध विहार मे उपासक उपासिकाओ द्वारा सामूहिक रूप से त्रिशरण पंचशील का पाठ कर पूजा वंदना की गई। एवं जयंती की खुशियों के पावन मौके पर खीरपूड़ी एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। तत्पश्चात किरनापुर बस स्टैण्ड से विशाल रैली निकाली गई जो धुमाल एवं डी जे के धुनों पर नाचते हुए ग्राम पंचायत, अवंती चौक, संविधान चौक, गुजरी चौक, बौद्ध विहार, किरनाई मंदिर मार्ग होते हुए रैली वापस बस स्टैण्ड किरनापुर पहुंची। रैली मे बाबा साहब अंबेडकर के गगनभेदी नारों एवं आतिशबाजी से समूचा माहौल गुंजायमान रहा। इस दौरान रैली में शामिल लोगो के लिए जगह-जगह शरबत एवं पेयजल की व्यवस्था व्यापारी बंधुओं द्वारा की गई थी।